राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–196/2024

राज्यपाल ने राजभवन परिसर में सफाई कार्य किया

पटना, 27 सितम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर राजभवन परिसर में सफाई कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें अपने घरों एवं उनके परिसर, गाँव तथा अन्य स्थलों एवं पूरे प्रदेश को स्वच्छ रखना है। यही इस कार्यक्रम की भावना और संदेश है।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के सभी लोग इस स्वच्छता अभियान में शामिल होकर पूरे बिहार को स्वच्छ बनायेंगे और देश में इस राज्य की एक अलग छवि होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। यह अभियान एक–दो दिन अथवा पन्द्रह दिनों का नहीं, बल्कि पूरे वर्ष का होना चाहिए और हमें स्वच्छता के प्रति निरंतर सजग और प्रयत्नशील रहना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी राज्यपाल के साथ राजभवन परिसर में सफाई कार्य किया।

....